एक ही रात में चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना

जतारा क्षेत्र के बम्हौरहीकलां थाना पुलिस पहुंची घटना स्थल

चारों चोरियों में जेवर एवं नगदी चोरी की घटना आई सामने

नवभारत न्यूज,
टीकमगढ़/ जतारा।

शुक्रवार रात्रि बम्हौरीकला गांव का मामला सामने आया है, जहां लगातार एक वर्ष में लगभग कई बार चोरियां हो चुकी है। हालांकि पुलिस ने चोरियों का खुलासा भी कर दिया। लेकिन लोगों का मानना तो यह है कि चोर बम्होरीकला ही को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। अज्ञात चोरों ने एक ही रात में चार अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल देखने को मिला है, ग्रामीणों का कहना है

कि पुलिस की रात्रि गश्त में कमी के कारण और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

दरअसल मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने गांव के निवासी गणपत कुशवाहा, बिंदी अहिरवार, संतोष अहिरवार एवं रईस पठान, के घरों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब परिवारों की नींद खुली तो घरों के ताले टूटे मिले और सामान तितर-बितर पड़ा था।

इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। तथा चारों घरों से 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य के जेवर और नकदी चोरी होने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वास्तविक नुकसान का आंकलन पीड़ित परिवारों के बयान और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाए जाने से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच बम्होरीकला की यह वारदात पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है।

अब ग्रामीणों की नजर इस बात पर टिकी है कि पुलिस इस मामले का खुलासा कितनी जल्दी कर पाती है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को कितना मजबूत बनाती है।

अज्ञात चोरों ने एक ही रात में चार अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल देखने को मिला है, ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की रात्रि गश्त में कमी के कारण और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। शुक्रवार रात्रि बम्हौरीकला गांव का मामला सामने आया है, जहां लगातार एक वर्ष में लगभग कई बार चोरियां हो चुकी है। हालांकि पुलिस ने चोरियों का खुलासा भी कर दिया।

पुलिस कर रही प्रत्येक पहलू पर जांच

इस संबंध में बम्हौरीकला थाना प्रभारी नीतू खटीक ने बताया कि मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए जा रहें एवं आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों की भी जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

बादलों की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

बीती देर रात तेज हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। पिछले सात दिनों से जारी सूखे के बाद हुई इस बारिश से स्थानीय लोगों को भीषण उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। वहीं, खेतों में सूख रही फसलों को भी इस बारिश से नया जीवनदान मिला है। पिछले 24 घंटों के दौरान औसतन 1.3 इंच बारिश दर्ज की गई। लगभग 40 मिनट तक हुई तेज बारिश से कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी। इस बारिश के बावजूद, जिले में अब तक कुल 8.2 इंच औसत वर्षा हुई है, जो पिछले साल 18 जुलाई तक हुई 37.5 इंच बारिश की तुलना में 29 इंच कम है।

बारिश से पहले शुक्रवार सुबह से शाम तक क्षेत्र में उमस भरी गर्मी का प्रकोप बना रहा। दिन का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इससे पहले गुरुवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। रात को हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई निचले इलाकों में महज 20 मिनट के भीतर ही नालियां ओवरफ्लो हो गईं।भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में इस सीजन में अब तक केवल 6.8 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। वहीं, पिछले साल आज की तारीख तक जिले में 32.9 इंच औसत बारिश हो चुकी थी, जो इस साल की तुलना में 24 इंच अधिक थी।

बारिश की इस कमी से किसान चिंतित थे। स्थानीय किसान भागीरथ यादव ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से पानी न गिरने के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई थीं। शुक्रवार रात हुई इस बारिश से फसलों को बहुत फायदा होगा। इस बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर देते हुए अनुमान जताया है कि जिले में अगले तीन से चार दिनों तक अच्छी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

महाराज के आगमन पर उत्साह के साथ हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

अतिशय क्षेत्र नवागढ़ जी स्थित भगवान श्री 1008 अरनाथ स्वामी के अतिशय संपन्न विश्व के एकमात्र दिव्य दरबार में परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सरल सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य पूज्य मुनि श्री मंगलानंद सागर जी महाराज एवं मुनि श्री मंगल सागर जी महाराज का चातुर्मास हेतु भव्य एवं मंगलमय प्रवेश श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि पूज्य मुनि संघ के मंगल प्रवेश का आयोजन आदरणीय बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य श्री जय कुमार जी निशांत के निर्देशन, श्री नवागढ़ गुरुकुलम् ट्रस्ट एवं नवागढ़ समिति के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ।

गुरुदेव की अगवानी में समिति एवं गुरुकुल परिवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंगल प्रवेश के अवसर पर समूचा नवागढ़ धर्ममय वातावरण से सराबोर हो उठा। गांव के प्रत्येक घर के बाहर रंगोली सजाई गई तथा महिलाओं ने मंगल कलश लेकर पूज्य गुरुदेव का स्वागत किया। नवागढ़ गुरुकुलम् के विद्यार्थियों ने दिव्य घोष, मंगलगान एवं जयघोष के साथ गुरुदेव का अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर बुंदेलखंड की लोक संस्कृति की भी आकर्षक झलक देखने को मिली। मोनिया पार्टी, दलदल घोड़ी, भजन मंडली, ढपला पार्टी एवं सारंगी पार्टी ने अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बना दिया।

हितग्राही को मिले राशन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उचित मूल्य राशन दुकानों का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पूरी मात्रा में खाद्यान्न पहुंचाना है। इसके लिए सरकार ने राशन दुकान संचालकों के लिए कई स्पष्ट नियम बनाए हैं।

राशन दुकान पर संचालक को दुकान के बाहर दुकान का नाम, संचालक का नाम, खुलने और बंद होने का समय, उपलब्ध राशन का स्टॉक, प्रति यूनिट मिलने वाली सामग्री, मूल्य सूची तथा शिकायत हेल्पलाइन संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए।संचालक को प्रत्येक पात्र हितग्राही को निर्धारित मात्रा में राशन देना होगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में मासूम बच्ची की मौत, जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज, पलेरा।

थाना पलेरा क्षेत्र के ग्राम बन्ने बुजुर्ग में एक 20 दिन की मासूम बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है और तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। घटना की सूचना मिलते ही जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम, पुलिस बल और एफएसएल फॉरेंसिक टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और ग्रामीणों व परिजनों से पूछताछ कर मामले की जानकारी जुटाई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और शुरुआती पूछताछ के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

पौधरोपण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड का 45वां स्थापना दिवस चरी - निवावरी एवं बखतपुरा जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रबंधक राम अवतार पांडे ने बताया कि नाबार्ड पिछले 44 वर्षों से ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, कृषि उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की चरी - निवावरी परियोजना के तहत किसानों से मुलाकात की।

महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज पलेरा।

मध्यप्रदेश शासन के महाविद्यालयीन कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय पलेरा में नशे से दूरी बहुत जरूरी विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के हिंदी सहायक प्राध्यापक अरमान अहमद, डॉ. बलराम अग्निहोत्री, डॉ. ममता चानना, डॉ. सुरजन सिंह यादव, डॉ. प्रमोद रिछारिया, डॉ. शरद पाराशर, डॉ. विभा दुबे, डॉ. संजय घई, डॉ. के. जी. चौरसिया, डॉ. ज्योतिमय दत्ता, डॉ. किश्वर मंसूरी, जितेंद्र सिंह घोष सहित समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नशे के दुष्प्रभावों और स्वस्थ जीवन में इसकी रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला।

23 को लगेगा रोजगार मेला

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मुख्यालय पर बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय आईटीआई में 23 जुलाई को सुबह11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे।

संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की संस्था स्तर पर काउंसिलिंग प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 4 जुलाई से 12 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय में वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित हैं। पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप कौशल विकास का अवसर प्रदान किया जाता है। सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का नियमित आयोजन भी किया जाता है।

तालाब में बुजुर्ग का शव मिलने से फैली सनसनी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

महेंद्र सागर तालाब में शनिवार को एक 76 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकाला। मृतक की पहचान बानपुर दरवाजा निवासी रूपनारायण सेन के रूप में हुई है।

मृतक के बेटे हरीश सेन ने बताया कि उनके पिता रूपनारायण सेन शनिवार सुबह करीब 11 बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। तालाब किनारे बने एक मंदिर के पास उनके पिता के कपड़े और चप्पल मिले, जिससे उनकी पहचान पक्की हो सकी। परिजन के मुताबिक, बुजुर्ग रूपनारायण सेन मानसिक रूप से अस्वस्थ थे, जिनका ग्वालियर और टीकमगढ़ में इलाज भी चल रहा था।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली थाना पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है और मौत के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है।

जिला स्तर पर हुआ प्रकोष्ठ का गठन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विशेष प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में गठित यह विशेष प्रकोष्ठ आगामी एक वर्ष तक जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की नियमित निगरानी, समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

दो सगे भाइयों के बीच उपजा विवाद, चले लाठी -डंडे

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हीरानगर बावरी में जमीनी बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद हिंसक हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे जिससे कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसारए विवाद बड़े भाई कांशीराम चढ़ार 40 वर्ष और उनके बीच वाले भाई के बीच जमीनी बंटवारे को लेकर हुआ। मारपीट में कांशीराम पक्ष के चार लोग घायल हुए हैं। जिनमें स्वयं कांशीराम उनकी पत्नी, एक बच्ची तथा एक अन्य परिजन शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से बीच वाला भाई घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला अस्पताल में उपचार जारी है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

शिविर में किया गया नेत्र परीक्षण

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास के मुख्य आतिथ्य में आज कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए.डी.आर. सेंटर भवन, टीकमगढ़ में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

नेत्र परीक्षण शिविर में श्रीमती प्रवीणा व्यास प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ ने उपस्थित सामान्यजन को संबोधित करते हुए कहा कि दृष्टि में बदलाव होने से सामान्य दैनिक दिनचर्या प्रभावित होती है, जिसमें आंखों में दर्द, धुंधली दृष्टि या लालपन जैसी सामान्य समस्याओं की पहचान कर उनका इलाज करना आवश्यक हो जाता है। जल्दी पता लगने पर दृष्टि समस्याओं का इलाज किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए पेशेवर तरीके से अपनी आंखों की जांच करवाना जरूरी है।इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए जिला अस्पताल के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों के सहयोग से न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं सामान्यजन के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर सेंटर शिविर का आयोजन किया गया।

गंदगी से पनप रही बीमारियां

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

प्रेसवार्ता **प्रेसवार्ता आयोजित कर दी जानकारी**

कांग्रेस विधायक ने कार्यक्रम में उपेक्षा का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज
टीकमगढ़।

बीते रोज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराए गए कार्यों का शुभारंभ करने आए थे। जिसमें टीकमगढ़ के कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम को लेकर अगले दिन शनिवार को विधायक श्री बुन्देला ने अपने निवास पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की। प्रेसवार्ता में विधायक ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बोलने का अवसर नहीं मिला उन्होनें कहा कि मुझे मंच के माध्यम से मुख्यमंत्री को जिले की समस्याओं से अवगत कराना था। जिनमें विधानसभा क्षेत्र एवं जिला

टीकमगढ़ की लंबे समय से लंबित जनहितैषी मांगों को लेकर सात प्रमुख प्रस्ताव शामिल थे।

प्रेसवार्ता में विधायक यादवेन्द्र सिंह ने जिन मांगों का जिक्र किया है उनमें जिले में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का निर्माण एवं संचालन पीटीआई मोड़ के पर से हटाकर पूर्ण शासकीय मोड़ भूमि शासकीय मोड़ पर किए जाने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में विस्तार और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मध्यप्रदेश शासन द्वारा रजिस्ट्रियों पर लगी रोक हटाने के बावजूद टीकमगढ़ जिले में रजिस्ट्री शुल्क में 200 से 900 प्रतिशत तक की वृद्धि किए जाने का उल्लेख करते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है।

कुंडेश्वर मंदिर को महादेव लोक के रूप में विकसित किया जाए , कोतवाली के सामने नजरबाग क्षेत्र में पूर्व से संचालित शासकीय क.उ.मा.वि को वर्तमान अस्थायी व्यवस्था से हटाकर पुन: नजरबाग परिसर में संचालित करने की मांग की गई है। शहर में सांस्कृतिक केंद्र गीता भवन का निर्माण शहर के मध्य स्थित लक्कड़खाना मैदान मे निर्माण की मांग की है। विधायक ने बताया कि कांग्रेस के नपा के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार को पद से हटाए जाने की मामले को आगमी विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा।

रेलवे के महाप्रबंधक को दिया पत्र

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने आए रेलवे के महाप्रबंधक को विधायक ने पत्र देकर उक्त मांग की है। जिसमें महामना एक्सप्रेस का समय परिवर्तित न कर क्षेत्र की जनता के लिये सुविधानुसार एक अतिरिक्त ट्रेन सुबह के समय खजुराहो से भोपाल तक चलाई जाए।, वंदे भारत एक्सप्रेस जो वनारस से खजुराहो तक आती है, उसका एक्सटेंशन कर उसे टीकमगढ़ तक चलाई जाए। बुन्देलखण्ड का अपार जन समूह मजदूरी हेतु दिल्ली हरियाणा सहित उत्तर भारत में बराबर जाते रहते है।

फसलों के नुकसान का बीमा से मिलेगा लाभ

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। प्रधानमत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफफसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा विकास अधिकारी मनोज कश्यप द्वारा बताया गया कि जिले में खरीफ 2026 मौसम के लिए प्रधानमंत्री फ सल बीमा पंजीयन का कार्य प्रारम्भ हो गया है।

कृषि विभाग ने 31 जुलाई 2026 तक फसल बीमा माह मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों को योजना की जानकारी देकर बीमा कराने के लिये प्रेरित किया जावेगा। इसके अंतर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि से पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। खरीफमौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों के द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारों किसान अपनी फसलों का बीमा कबरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैक द्वारा किया जावेगा।